प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

निर्वाचन आयोग– गोलमेज सम्मेलन

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह गोलमेज सम्मेलन 27 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हो रहा है। पिछला सम्मेलन वर्ष 1999 में हुआ था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि चंबा में प्रदेश का पहला ग्रीन हाईड्रोजन आधारित मोबेलिटी स्टेशन स्थापित किया जा रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस परियोजना पर लगभग 14 करोड़ रूपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये संयंत्र प्रतिदिन 20 किलोग्राम ग्रीन हाईड्रोजन का उत्पादन करेगा और ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इसे तीन सौ किलोवाट ग्रिड के सौर ऊर्जा संयंत्र से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से जहां स्थानीय युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे वहीं आधुनिक तकनीक को भी बढ़ावा मिलेगा।

टैक्सी परमिट

केंद्र सरकार ने टैक्सी ऑपरेटरों को राहत देते हुए टैक्सी परमिट की वैधता 12 से बढ़ाकर 15 वर्ष कर दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इस संबंध में जारी अधिसचूना के बाद प्रदेश के लगभग 70 हजार टैक्सी ऑपरेटरों को लाभ होगा। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष इस मामले को प्रमुखता से उठाया गया था। उन्होंने कहा कि केंद्र के इस फैसले से न केवल हिमाचल बल्कि देशभर के टैक्सी ऑपरेटरों को फायदा होगा।

सीबीएसई

प्रदेश सरकार ने सीबीएसई एक्सीलेंस योजना के तहत नियुक्त होने वाले शिक्षकों को राहत देते हुए उनकी वरिष्ठता और पदोन्नति संबंधी अधिकार सुरक्षित रखने का निर्णय लिया है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक नई व्यवस्था के अनुसार स्क्रीनिंग टैस्ट के बाद सीबीएसई स्कूलों में तैनाती लेने वाले शिक्षकों को मौजूदा समय में सीबीएसई शिक्षक सब कैडर में शामिल होने का विकल्प देना होगा। इससे शिक्षकों की वरिष्ठता, पदोन्नति और सेवा शर्तों पर किसी भी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के घणाहट्टी में लगभग 21 करोड़ रूपए के विभिन्न विकासात्मक कार्यों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने तीन सौ महिलाओं को सिलाई मशीनें भी वितरित कीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। विक्रमादित्य सिंह ने महिलाओं से समाज में बढ़ती नशे की समस्या की रोकथाम में भी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

प्रैसनोट/

शिवा परियोजना

मंडी जिले में द्रंग विधानसभा क्षेत्र की पराशर घाटी में एचपी शिवा परियोजना के तहत जापानी फल की संगठित खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारे मंडी जिला संवाददाता ने बताया कि इस पहल के तहत घाटी के छह कलस्टरों में कुल 70 हैक्टेयर भूमि पर लगभग 40 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे जिससे करीब दो सौ बागवान लाभान्वित होंगे।

चुनाव प्रक्रिया

चंबा जिला में जिला परिषद क्षेत्रों के परिसीमन से संबंधित अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि 27 फरवरी तक कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्तियां व आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है। इस संबंध में अंतिम निर्णय 2 मार्च को होगा।